हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 श्रीमद्भागवत गीता में छिपा है हमारे जीवन का सारः चरणदास



12 30 लाख की लागत से सुधरेगी नया बाजार ...



**खबर संक्षेप**

### लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आज

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार 29 मई को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा अरविंद शर्मा करेंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि 29 मई को आयोजित होने वाली जिला लोक संकर्प एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 मामले रखें जाएंगे, जिनमें से 3 पुराने और 9 नए हैं। सहकारिता मंत्री मामलों की सुनवाई करते हुए उनका समाधान करवाएंगे।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**भिवानी।** पंचायत भवन में 29 मई को दोपहर 12:00 बजे जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर करेंगे। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि बैठक में कुल 14 परिवाद रखे जाएंगे, जिनमें सात पुराने हैं तथा सात नए परिवाद हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री नागर बैठक में रखे गए सभी 14 परिवादों की सुनवाई करेंगे और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि जिला इस बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक को लेकर डीसी साहिल गुप्ता द्वारा सभी जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।

### अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के मुख्य सिपाही सुमेर सिंह की टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पालुवास मोड़ भिवानी पर खड़ा है, जिसके पास बिना लाइसेंस का अवैध हथियार है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड कर व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विजेंद्र उर्फ बाक्सर पुत्र दयानंद निवासी हरिपुर पालुवास भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

## भीषण गर्मी से परेशान लोगों के चेहरे खिले, खुशनुमा हुआ मौसम

# पारे पर ओले-बारिश का चाबुक नौ डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का

**ट्रांसफार्मर गर्मी व लोड की वजह से हो रहे थे ओवरहीट**

बारिश के कारण शहर के चरखी गेट, एमसी कॉलोनी, कीकरवासनी क्षेत्र सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/चरखी दादरी

वीरवार को दोपहर बाद चरखी दादरी इलाके में हुई बारिश व हल्की ओलावृष्टि से बदन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिली। बारिश से पहले दादरी का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच गया था वीरवार दोपहर बाद बादलों और बरसात के बाद गर्मी से भारी राहत मिली है। दूसरी तरफ भिवानी में तेज बारिश नहीं आई,लेकिन बारिश से 45 डिग्री सेल्सियस से लुढ़क कर पारा 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। भिवानी व दादरी और आसपास के क्षेत्रों में बरसात होने से झुलसा देने वाली गर्मी और उमस से आमजन को बड़ी राहत मिली है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिससे मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को भीषण लू से निजात मिली है।

गुरुवार दोपहर तक सूर्यदेव की तपिश से हर कोई तप रहा था। दोपहरी ढली और आसमान में बादलों की थोड़ी सी हलचल बढ़ी। हवा ने भी थोड़ी सी रफ्तार पकड़ी। कुछ देर बाद आसमान में काली घटाए बन गई और बादलों की गड़गड़ाहट भी शुरू हो गई। चरखी दादरी इलाके में कुछ जगहों पर तेज बारिश तो कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। दादरी शहर के बाहरी इलाकों में बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि भी हुई। शहर की सड़कों पर पानी जमा हो गया। हालांकि बारिश थमने के कुछ देर बाद ही पानी की निकासी हो गई,लेकिन कुछ देर तक लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। बारिश के बाद गर्मी से भारी राहत मिली है। लंबे समय से गर्मी की मार झेल रहे आम लोगों और बच्चों को देर शाम तक खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाते देखा गया। कुछ इलाकों और कॉलोनियों में तेज बारिश के कारण जलभराव की समस्या भी देखने को मिली। दादरी शहर में इन दिनों गली सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन बरसात होने से यहां कीचड़ के हालत बन गए और लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। लोगों ने बरसात होने पर राहत महसूस की है। पिछले कई दिनों से प्रचंड गर्मी का दौर चल रहा था। जिससे लोग काफी परेशान थे। लेकिन गर्मी के इस मौसम में हुई बरसात से मिली ठंडक से राहत महसूस हुई है।

वहीं दादरी में भीषण गर्मी के बीच अचानक आई बारिश से पारा लुढ़का और ठंडक का अहसास हुआ। लेकिन बारिश के कारण शहर के चरखी गेट, एमसी कॉलोनी, कीकरवासनी क्षेत्र सहित कई इलाकों में जलभराव की समस्या बन गई है। अब मौसम में हुई ठंडक से गर्मी कम हुई है। किसानों को भी इस बारिश का काफी फायदा होने की उम्मीद है। यही स्थिति भिवानी शहर की सड़कों की बनी रही। बारिश की वजह से यहां का तापमान 45 से घटकर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बारिश से किसानों को भी फायदा होगा। गर्मी के कारण बेल वाली सब्जियां झुलसने लगी थी। इस बारिश से सब्जियों की फसलों को फायदा होगा।





**भिवानी।** बृहस्पतिवार को हल्की बूंदाबांदी और बारिश के बीच से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### बेदम हुए ट्रांसफार्मरों में बारिश से आई जान

वैसे तो बारिश हर किसी के लिए फायदेमंद रही,लेकिन सबसे ज्यादा फायदा विद्युत निगम को होने जा रहा है। चूंकि पिछले कई दिनों से तेज गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर गर्मी व लोड की वजह से ओवरहीट हो रहे थे। उनको ठंडा रखने के लिए निगम को बड़े ट्रांसफार्मरों के आगे कूलर आदि लगाने पड़ रहे थे। उसके बावजूद भी निगम को ट्रांसफार्मरों को ओवरहीट से बचाने के लिए बार बार बिजली के कट लगाने पड़े,लेकिन आज जो हलकी बूंदाबांदी हुई है। इससे अब बिजली के ट्रांसफार्मर ओवरहीट नहीं होंगे और किसी भी ट्रांसफार्मर के आगे कूलर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पारा कम होने से निगम के अधिकारियों की सांस में सांस आई।

**हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने चुनाव में दिखाई एकजुटता**

## गोपाल को चेयरमैन व सत्यपाल को प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजिस्टर नंबर 41) मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आईबी स्याहडवा मैकेनिकल ब्रांच के नए संगठन के गठन को लेकर वीरवार को चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस चुनावी बैठक में सभी कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया, जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। इस सांगठनिक चुनाव को संपन्न करवाने और नई टीम को जिम्मेदारी सौंपने के लिए यूनियन के प्रांतीय व जिला स्तरीय शीर्ष नेता विशेष रूप से मौजूद रहे। चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें संगठन को मजबूती देने के लिए गोपाल को चेयरमैन, सत्यपाल को प्रधान, अरविंद कुमार को सचिव, सुभाष को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र को उपप्रधान, दिनेश को सह सचिव, अजीत को ऑडिटर व मुकेश पिलानिया को संगठन सचिव नियुक्त किया गया।

### पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राज्य सह सचिव संदीप सौरखी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद नई टीम ने संकल्प लिया कि वे कर्मचारियों के हकों और उनके मान-सम्मान के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर संघर्ष करेंगे। इस चुनावी सभा को सफल बनाने में राज्य सह सचिव संदीप सौरखी के अलावा जिला सचिव सोमबीर पालूवास, जिला उप प्रधान रामशरण खुंडिया और पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बलराज ओला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला सचिव सोमबीर पालूवास ने कर्मचारियों के लंबित मांग-मुद्दों को लेकर राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर आगामी तीन बड़े आंदोलनों का खाका पेश किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16-17 जून को सभी डिवीजनों के एक्सईन के माध्यम से ईआईसी के नाम मांग पत्र और ज्ञापन सौंपे जाएंगे, 4 जुलाई को भिवानी में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के आवास का घेराव किया जाएगा तथा 18 जुलाई को पब्लिक हेल्थ एवं बी एंड आर मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का हिसार में महापड़ाव और घेराव किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से प्रत्येक कर्मचारी बढ़-चढक़र हिस्सा लेगा।

## पैराएथलीट दयावंती ने गोल्ड मेडल जीत कर किया तोशाम क्षेत्र का नाम रोशन

**दयावंती ने डिस्कस थ्रो (29.14) और शॉटपुट (9.09 मीटर) में गोल्ड मेडल प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव मनसरवास की बेटी व संडवा की बहू पैरा एथलीट दयावंती ने बैंगलौर में आयोजित 8वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलीट चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बैंगलौर में 26 मई से 28 मई के बीच हुई। पैरा एथलीट दयावंती ने डिस्कस थ्रो (29.14) और शॉटपुट (9.09 मीटर) में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

पैरा एथलीट दयावंती की इस उपलब्धि पर गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि दयावंती ने प्रतियोगिता में दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र, राज्य और गौरवान्वित किया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल व्यक्ति संकल्प और कठिन परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि उभरते खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है।

# आज सीएम करेंगे कई परियोजनाओं का शुभारंभ

## स्थानीय पंचायत भवन में दोपहर दो बजे आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**भिवानी जिले की परियोजनाओं में कुल करीब 4 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित तीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और चार ब्लॉक सब हेल्थ सेंटर शामिल हैं**

**प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि होंगी, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और पूर्व मंत्री जेपी दलाल भी रहेंगे उपस्थित**

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 29 मई दोपहर बाद दो बजे स्वस्थ हरियाणा समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रदेश भर की करीब 100 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का वीसी के माध्यम से पंचकूला से शुभारंभ करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण स्थानीय पंचायत भवन में दिखाया जाएगा।

इन परियोजनाओं में भिवानी जिले की कुल करीब 4 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित तीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और चार ब्लॉक सब हेल्थ सेंटर शामिल हैं। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि होंगी। इसके अलावा भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और पूर्व मंत्री जेपी दलाल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीसी के माध्यम से भिवानी जिले में कैरु, बवानी खेड़ा और लोहारू की पब्लिक हेल्थ यूनिट तथा गोपालवास, नूनसर, बहल और पातवान में नवनिर्मित सब हेल्थ सेंटर का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बनाए गए महिला क्लीनिक का भी शुभारंभ करेंगे।

## नशा तस्करी पर कार्रवाईः चरस-गांजा-हेरोइन बरामदगी मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार



**चरखी दादरी।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव दौगड़ा जाट निवासी युवक से चरस, गांजा व हेरोइन बरामदगी मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान चरखी गांव निवासी प्रदीप उर्फ ढिल्ला तथा कुलदीप उर्फ बल्हारा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार को थाना सदर दादरी पुलिस टीम जिसमें एएसआई अवनीत, हेड कांस्टेबल ओमबीर, हेड कांस्टेबल अनिल तथा चालक सिपाही संजय शामिल थे, सरकारी गाड़ी में गांव चरखी बस अड्डा क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान एएसआई अवनीत को सूचना प्राप्त हुई कि दौगड़ा जाट निवासी कुलदीप नशीले पदार्थ चरस, गांजा व हेरोइन की खरीद-फरोख्त का कार्य करता है तथा इन दिनों गांव चरखी में अपने मामा के घर आया हुआ है। पुलिस टीम ने गांव चरखी में तालाब के पास मेन फिरनी पर नाकाबंदी कर निगरानी शुरू की। कुछ देर बाद चरखी बस अड्डा की तरफ से एक युवक हाथ में थैला लेकर आता दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को देखकर वापस भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान कुलदीप निवासी दौगड़ा जाट जिला महेन्द्रगढ़ के रूप में बताई। जांच करने पर तीन पोलिथीन में गांजा पत्ती, एक में चरस तथा एक में हेरोइन बरामद हुई। आरोपी से 122 ग्राम चरस, 149 ग्राम गांजा पत्ती तथा 9 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी कुलदीप को साथ लेकर उसके साथियों प्रदीप उर्फ ढिल्ला, कुलदीप उर्फ बल्हारा तथा दीपक उर्फ डीसी निवासी चरखी के संभावित ठिकानों पर लगातार रेड की गई। थाना सदर दादरी में तैनात एएसआई सुरेंद्र सिंह ने आरोपी प्रदीप उर्फ ढिल्ला तथा कुलदीप उर्फ बल्हारा निवासी चरखी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है । पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी प्रदीप एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने तथा शराब तस्करी सहित कुल 23 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क तथा नशा तस्करी से जुड़े अन्य कड़ियों की जांच में जुटी हुई है।



रोचक

शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।



### क्रेजी हाउस वियतनाम

**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा



लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *

### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर



45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *



### हाउस एनए जापान

**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे। आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *

### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया



की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि इस नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *



### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेमब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्च आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल

**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *




छोटी कहानी

पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



एआई इमेज

**ग**र्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है। यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दी।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उसकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

## मेरी साइकिल !

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साधन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



## बूझो तो जानें



1 एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।



2 एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3 एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

**उत्तर:** 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष



## जीके क्विज-207

1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



एआई इमेज

**पिं**कू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की। जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'


गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

**ब**च्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता। 'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती है।





इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चो तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब:** पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 150 रुपए,
**प्रकाशक:** साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1. परी की जादुई छड़ी में लगे स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के ऊपरी हिस्से में अतिरिक्त धारियां बनी हुई हैं। 3. परी के बालों पर के फूल का कलर अलग है। 4. परी के बेल्ट का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर घास का एक हिस्सा अतिरिक्त है। 6. एकदम बाएं तरफ फूल में एक पंखुड़ी कम है।

## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।



__ueen
(q) (a) (c)



__ocket
(c) (r) (n)



__hip
(s) (c) (t)



__ree
(t) (g) (s)

**खबर संक्षेप**

## गुप्ता की नियुक्ति पर बहल क्षेत्र में खुशी

**बहल।** डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बहल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की। नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होकर नई ऊंचाइयों को छूएगा।

## अनुदान के लिए 15 जून तक करें आवेदन: डीसी

**भिवानी।** पराली जलाने की घटनाओं एवं वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा चालू वित्त वर्ष 2026-27 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना के तहत इच्छुक किसान 15 जून 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला कार्यकारी समिति के चेयरमैन साहिल गुप्ता ने बताया कि फसल अवशेषों को खेत में मिलाने एवं उनके वैज्ञानिक प्रबंधन को

## ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला किया गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए गांव रघुनाथपुरा के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिलीतो पुलिस टीम ने तुरंत उक्त होटल पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कमरे में मौजूद युवक को काबू किया, जो अपने फोन पर सट्टे के नंबरों को लेकर बातचीत कर रहा था। आरोपी की पहचान नवीन कुमार निवासी गांव गहली बताया। पुलिस आरोपित के फोन को अनलॉक करवाकर चेक किया, तो उसके व्हाट्सएप में सट्टा खिलाने से संबंधित काफी डाटा और नंबर मिले। आरोपित के पास से 4100 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन व 4100 रुपये को सील कर कब्जे में ले लिया।

### सात दिवसीय कथा का कपिल शास्त्री ने किया बखान

# श्रीमद्भागवत गीता में छिपा है हमारे जीवन का सार: चरणदास

राधा कृष्ण शिव मंदिर तुहीराम हरनाम दास धर्मार्थ मंदिर को दिया जाएगा भव्य रूप: ओमप्रकाश ग्रेवाल


- पशु व पक्षियों के लिए मंदिर में 15 वर्षों से चल रही रसोई की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आजाद नगर स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर तुहीराम हरनाम दास धर्मार्थ मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का समापन हुआ। कथा के समापन दिवस पर मुख्यरूप में हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरण दास महाराज ने शिरकत की। महंत चरण दास महाराज महोल्ला मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल ने स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए समिति सचिव सुरेंद्र सोनी ने बताया कि सात दिवसीय कथा का बखान कपिल शास्त्री ने किया। जिसका अनेकों श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। समिति प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, उपप्रधान श्याम लाल अग्रवाल, समिति सचिव सुरेन्द्र सोनी, कोषाध्यक्ष सोमदत्त तिवारी, समिति सदस्य बलवान सोनी, जयप्रकाश सोनी, संजय जांगड़ा व समाज सेवी सुरेन्द्र तंवर को महंत चरणदास ने गीता व पटका पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि हमें बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत गीता में हमारे जीवन का सार छुपा हुआ है हमें अपने व्यस्त समय में से कुछ पल निकाल कर गीता का अध्यन करना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने पशु व पक्षियों के लिए मंदिर में 15 वर्षों से चल रही रसोई के लिए सराहना करते हुए कहा कि जीव की सेवा करना ही स्वयं परमपिता परमात्मा की सेवा है। समिति प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल व समिति सचिव सुरेन्द्र सोनी ने कहा कि राधा कृष्ण शिव मंदिर तुहीराम हरनाम दास धर्मार्थ मंदिर को भव्य रूप दिया जाएगा जिसका सभी से अपना समर्थन दिया।

**प्रक्षित मोक्ष व सुदामा के जीवन पर प्रकाश डाला**

कथा वाचक कपिल शास्त्री ने प्रक्षित मोक्ष व सुदामा के जीवन पर प्रकाश डाला तथा कथा का समापन किया। समापन के दौरान हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया।



भिवानी। श्री मदभागवत कथा पर उपस्थित महंत व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

प्रधान बृजपाल परमार, समिति सदस्य बलवान सोनी, अशोक शर्मा, जयप्रकाश सोनी, सुनील कामरेड़, राजेश शर्मा, रणविजय ग्रेवाल, राकेश वर्मा, आनंद सोनी, संजीव अग्रवाल, धनपति, भतेरी, मुन्नी, ममता, पुष्पा, अनारो देवी, शांति देवी समेत अनेक श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# प्रदेश को 43 साल बाद मिली महिला प्रदेशाध्यक्ष: चावला

- भाजपा सरकार ने लाया देश में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम युग : विनोद
- मोहनलाल बड़ौली की जगह संभालेंगी कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा की सियासत और भारतीय जनता पार्टी के संगठन इतिहास में आज का दिन एक नए मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गया है। भाजपा हाईकमान ने सांगठनिक स्तर पर एक युगांतरकारी और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए वरिष्ठ महिला नेत्री डा. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। डा. अर्चना गुप्ता इससे पहले संगठन में प्रदेश महामंत्री के रूप में अपनी मजबूत पकड़ और अद्वितीय कार्यशैली का लोहा मनवा चुकी हैं। वे निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का स्थान लेंगी। उक्त बात जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने बताया कि यह नियुक्ति इस मायने में बेहद ऐतिहासिक है कि पूरे 43 साल बाद किसी महिला नेत्री को हरियाणा भाजपा की कमान सौंपी गई है।

जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने बताया कि इस नियुक्ति से न केवल महिला कार्यकर्ताओं का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच गया है, बल्कि युवाओं और बुद्धिजीवी वर्ग में भी पार्टी के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

**महिला नेतृत्व विकास के विजन की एक महान जीत**

डॉ. अर्चना गुप्ता की इस ताजपोशी पर गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला नेतृत्व विकास के विजन की एक महान जीत बताया। श्री चावला ने डा. अर्चना गुप्ता के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा है उन्होंने कहा कि डा. अर्चना गुप्ता केवल एक उच्च शिक्षित प्रोफेशनल ही नहीं हैं, बल्कि संगठन के धरातल पर भी उनकी पकड़ बेहद मजबूत है।

# बकरीद के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ईदगाह, दी बधाई

- पवन ठाकुर ने दिया भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बकरीद के पावन अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन ठाकुर मानान पाना के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ईदगाह पहुंचा, जहां मुस्लिम समाज के लोगों को ईद-उल-अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रवासियों को प्रेम, भाईचारे, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया। पवन ठाकुर मानान पाना ने कहा कि भारत देश विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है, जहां सभी समुदायों के लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक पर्व समाज को एकजुट करने, एक-दूसरे के करीब लाने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। बकरीद का पर्व त्याग, बलिदान, प्रेम और इंसानियत का प्रतीक है, जो समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को आपसी प्रेम, सामाजिक एकजुटता और भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है। बहुजन समाज पार्टी सदैव सर्व समाज को साथ लेकर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करती रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के त्योहारों का सम्मान करें तथा एक-दूसरे की खुशियों में सहभागी बनें।



भिवानी। ईदगाह में पहुंचा बसपा का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष प्रदीप रंगा, कोषाध्यक्ष जोगी राम मेहरा, जिला प्रभारी ज्ञान सिंह बागड़ी, हल्का अध्यक्ष सुबे सिंह सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समर कैंप बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या विहार आसलवास दुबिया में कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने हुनर को निखार रहे हैं। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और रचनात्मकता से जीवंत दिखाई दे रहा है। समर कैंप में विद्यार्थियों के लिए फन एक्टिविटी, मैथ्स एक्टिविटी, वैदिक मैथ्स, स्केटिंग, इंडोर गेम्स, म्यूजिक एक्टिविटी, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट, डांस, साइंस एक्सपेरिमेंट, सेल्फ डिफेंस तथा रोबोटिक्स जैसी गतिविधियाँ आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके साथ ही बैलून आर्ट, मंडाला आर्ट, पॉटरी आर्ट, प्लेट आर्ट, थंब प्रिंट आर्ट, हैंड प्रिंट एनिमल आर्ट, कैलीग्राफी, न्यूज़पेपर एक्टिविटी एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को नया मंच प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सभी विद्यार्थियों के लिए वातानुकूलित (एसी) कक्षाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि भीषण गर्मी में भी बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे पूर्ण आराम एवं उत्साह के साथ अपनी गतिविधियों में भाग ले सकें। साथ ही समय-समय पर विद्यार्थियों को नींबू पानी एवं ठंडे पेय उपलब्ध करवाकर उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। इस समर कैंप में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा, जिससे अभिभावकों में भी खुशी का वातावरण है।

विद्यालय के डायरेक्टर श्री अभिषेक काली रमण ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक एवं रचनात्मक ज्ञान देने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होंने बताया कि बच्चे इस समर कैंप में नई-नई चीजें सीखते हुए अपनी रुचियों को भी पहचान रहे हैं।



भिवानी। समर कैप में एक्टिविटी करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**सीखने की अद्भुत क्षमता**

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तेजल सोनी ने कहा कि छोटे बच्चों में सीखने की अद्भुत क्षमता होती है। यदि उन्हें सही वातावरण और अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**आज के समय में बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक**

विद्यालय के अध्यक्ष श्री राजबीर सिंह ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य केवल बच्चों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उनमें छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें सही दिशा प्रदान करना है। आज के समय में बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं।

# श्री सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए 6 तक सरल पोर्टल पर करें आवेदन

- 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्पेशल ट्रेन में मिलेगी बुकिंग, मेडिकल प्रमाण पत्र अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में देशभर में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक मनाए जा रहे 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की धैर्यगाथा, अटूट आस्था' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेशभर के श्रद्धालुओं को श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की यात्रा करवाने का निर्णय लिया है।

इच्छुक पात्र श्रद्धालु 6 जून तक स्वयं अपने स्मार्ट फोन या नजदीकी अटल सेवा केंद्र/सीएससी से सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। श्रद्धालुओं को 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्पेशल ट्रेन में बुकिंग मिलेगी। इस योजना में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिक जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख तक है, वे पात्र हैं। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री 8 जून को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर इस स्पेशल ट्रेन को रवाना करेंगे। यात्रा के लिए सरल पोर्टल पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पंजीकरण करवाना अति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को सुरक्षा के दृष्टिगत श्री सोमनाथ यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं को अपना अधिकृत और योग्य चिकित्सक द्वारा प्रमाणित मेडिकल प्रमाण पत्र देना होना।

**धूम्रपान या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित**

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने बताया कि यात्रा के दौरान स्पेशल ट्रेन सहित धार्मिक स्थल पर किसी भी प्रकार का धूम्रपान या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं को पंजीकरण कराने उपरांत ही स्पेशल ट्रेन में बैठने की अनुमति दी जाएगी। यदि कोई श्रद्धालु बिना किसी अनुमति और रजिस्ट्रेशन के जबरदस्ती स्पेशल ट्रेन में बैठता है तो चेकिंग टीम द्वारा उसके पास किसी प्रकार का दस्तावेज व पहचान पत्र न मिलने पर उस व्यक्ति को बीच रास्ते में ही उतार दिया जाएगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। इसके साथ ही कोई श्रद्धालु पंजीकरण करने और कंसेंट देने के उपरांत यात्रा पर नहीं जाता है तो सरकार द्वारा उसे यात्रा पर जाया हुआ मानकर अगले तीन साल तक उसे इस प्रकार की किसी भी यात्रा पर जाने का अवसर नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## उर्वरकों का 60 फीसदी सहकारी क्षेत्र को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें : डॉ. फोगाट

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विभाग ने राज्य में कार्यरत सभी उर्वरक आपूर्ति कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे राज्य में प्राप्त होने वाली यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं अन्य फॉस्फेटिक उर्वरकों की न्यूनतम 60 प्रतिशत मात्रा हैफेड, पैक्स तथा सहकारी क्षेत्र को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह निर्णय गांव स्तर तक खाद वितरण प्रणाली को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि किसानों को बुवाई एवं फसल प्रबंधन के महत्वपूर्ण समय पर खाद की किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। विभाग के अनुसार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था किसानों तक सीधे एवं सुगमता से पहुंचती है, जिससे जमाखोरी, कालाबाजारी तथा अनियमित वितरण जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। इसके साथ ही किसानों को निर्धारित दरों पर समय पर उर्वरक उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि विभाग किसानों के हितों की सुरक्षा एवं कृषि कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों की मांग में वृद्धि को देखते हुए विभाग द्वारा अग्रिम योजना के तहत आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि जिले के किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सहकारी समितियों एवं हैफेड के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं एवं सहकारी संस्थाओं से ही उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत कृषि विभाग को दें।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में बीमारियों के उपचार के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सीनियर सिटीजन क्लब (वृद्धाश्रम), सेक्टर 13, भिवानी में कृपा एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सहयोग से प्रातः 5:30 बजे से 8:30 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विभिन्न बीमारियों संबंधी निःशुल्क परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा। शिविर में बीपी, शुगर, सर्वाइकल, माइग्रेन, थायराइड, चक्कर आना (वर्टिगो), कमर दर्द, घुटना दर्द, साइटिका, पेट दर्द, कब्ज, गैस, नाभि का हिलना, बवासीर, किडनी की पथरी, गदूद का बढ़ना, पेशाब संबंधी समस्याएं एवं महिलाओं से संबंधित श्वेत प्रदर (लिकोरिया) जैसी बीमारियों के संबंध में जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। विशेष रूप से बवासीर एवं पथरी से संबंधित रोगियों को परहेज के साथ निःशुल्क दवाई उपलब्ध करवाई गई। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए परामर्श प्राप्त किया तथा इस प्रकार के शिविरों को समाज के लिए उपयोगी एवं आवश्यक बताया।



**ये रहे मौजूद**

ओमप्रकाश, आजाद सिंह, सत्यवान, सुरेश, राजेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, कै० राममेहर, अमरपाल, जय भगवान, जगत सिंह, सुरेश कुमार, धनपत, तिलकराज, हरनारायण, एस० के० गिरधर, नित्यानंद, राजकुमार, श्याम सुंदर, संदीप, अशोक कुमार, ताराचंद, रामधन व मनीष यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महंत बंसी गिरी की 41 दिवसीय कठिन धूणी तपस्या संपन्न, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

# तपस्वियों की साधना से उत्पन्न ऊर्जा संपूर्ण मानवता को करती जागरूक



भिवानी। तपस्या के समापन अवसर पर उपस्थित महात्मा। फोटो : हरिभूमि

- बच्चों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करें अभिभावक : महंत बंसी गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोक कल्याण, आपसी भाईचारे और विश्व शांति की मंगल कामना के साथ छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी शहर के पतराम गेट स्थित डेरा बाबा हरि गिरी मठ में चल रही महंत बंसी गिरी महाराज की 41 दिवसीय कठिन धूणी तपस्या वीरवार को विधि-विधान और पूर्ण श्रद्धा के साथ संपन्न हो गई। यह जानकारी मठ के भगत सुरेंद्र सिंह ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर मठ परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और प्रबुद्ध जनों ने शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब होगा कि बंसीगिरी महाराज की यह 41 दिवसीय कठिन साधना गत 18 अप्रैल को आरंभ हुई थी। भीषण गर्मी के इस मौसम में, जब आम इंसान का घर से निकलना मुहाल होता है, तब महाराज जी प्रतिदिन दोपहर के समय सूर्य की सीधी तपिश और अपने चारों ओर जलती हुई धूणी (अग्नि) के बीच बैठकर ईश्वर आराधना में लीन रहते थे। यह लगातार 17वां वर्ष है जब महाराज ने चराचर जगत के कल्याण के लिए इस कष्टदायी तपस्या को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ भी विशेष तौर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि तपस्वियों की साधना से उत्पन्न ऊर्जा संपूर्ण मानवता को जागरूक करती है। वे प्रेम, अहिंसा व भाईचारे का संदेश देकर समाज को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते है। पूरा वातावरण बाबा हरि गिरी और महंत बंसी गिरी महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों का मानना है कि ऐसी कठिन तपस्याएं और संतों के आशीर्वाद से ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपदाओं का नाश होता है।

**आज बदलते परिवेश में अभिभावक अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें**

तपस्या के समापन के उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत बंसीगिरी महाराज ने कहा कि उनकी इस साधना का उद्देश्य देश में सुख, समृद्धि, भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और विश्व स्तर पर शांति स्थापित करना रहा। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि वे आज बदलते परिवेश में अभिभावक अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखे तथा उन्हे अच्छे मार्ग पर चलने व नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करे।

**उत्सव जैस माहौल बना**

तपस्या के समापन के अवसर पर वीरवार को डेरा बाबा हरि गिरी मठ में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वैदिक मंत्रोचार और पूर्ण धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पूर्णाहुति डाली गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में भिवानी ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं और संतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**ये रहे मौजूद**

महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, रमेश सैनी, भगत सुरेंद्र सिंह, कृष्ण तोला, कृष्णसोनी, सतनाम, राजकुमार, मनीष सोनी, नीरज वर्मा, रिंकू ख्यालीराम, विजय सिंहमार, अनिल, डीके सिंह, राघव, रूपेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, आनंद तंवर, सतीश राघव, सत्यनारायण सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## बसपा ने की अटेली में खेल स्टेडियम बनाने की मांग



**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से अटेली विधानसभा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बनाने की मांग की है। अतरलाल ने उक्त मांग खैराणा गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा इलाके में खेल स्टेडियम न होने का मुद्दा उठाए जाने पर उनकी मांग का समर्थन करते हुए उठाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने शिकायत की कि इलाके में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बड़ा खेल स्टेडियम न होने के कारण युवाओं को खेल प्रतिस्पर्धाओं का प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है। उन्हें प्रैक्टिस करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा खेल सुविधाओं के अभाव में इलाका खेलों के क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने बसपा नेता अतरलाल से इलाके में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की। अतरलाल ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि इलाके के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बहुत जरूरी है। इसलिए सरकार को तत्काल इस और ध्यान देकर अटेली के युवाओं की मांग पूरी करनी चाहिए। इस मौके पर प्रधान दानसिंह प्रजापत, शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, पवन, रोहताश, हरिसिंह, महावीर, सुबेसिंह, सुरेन्द्र, कृष्ण, धर्मबीर, प्रदीप, कमलजीत, महावीर, मोनू, गोविंद सिंह, बिरेन्द्र, अनुज, सुनिल, अभय सिंह, रामपाल आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप


चरखी दादरी। बैठक में चर्चा करते अभिभावक और अध्यापक।

### आईपीएस स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों के यूटी1 परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तथा अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु दिए गए गृहकार्य, प्रोजेक्ट कार्य एवं अध्ययन योजना पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे छुट्टियों के दौरान बच्चों को नियमित अध्ययन, लेखन अभ्यास तथा रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं 01 जून से होंगी शुरू

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून-जुलाई 2026 सत्रांत परीक्षाएं पूरे भारतवर्ष में 1 जून से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने दी। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत एवं रोहतक जिलों में इग्नू द्वारा कुल 37 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 12 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जून-जुलाई माह में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में पूरे हरियाणा से कुल 3 लाख 72 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि जेलों में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर कुल 1 हजार 248 कैदी परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे।

जिला करनाल में कुल 3 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने करवाया कार्य का शुभारंभ

# 30 लाख रुपये से चमकेगी नया बाजार से गुजरों वाला चौक तक की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**विकास कार्यों के लिए सरकार के खजाने लबालब: सर्राफ**

अब जल्द ही शहर की जर्जर सड़कों की सेहत सुधरने जा रही है। शहर की अधिकाशं जर्जर सड़कों के एस्टीमेट तैयार हो चुके है। इसी क्रम में गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने नारियल फोड़कर नया बाजार से लेकर गुजरो वाला चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उक्त सड़क के निर्माण पर करीब 30 लाख रुपये की लागत आएगी। इस दौरान नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह की तरफ से वहां पर मौजूद सभी लोगों का मुंह मीठा करवाया । दूसरी तरफ सड़क के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वाहन चालकों को हिचकौले नहीं खाने पड़ेंगे। उक्त सड़क पिछले कई दिनों से जर्जर थी और अनेक जगहों पर गड्ढे बने हुए थे। जिस वजह से लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। वहीं इस दौरान कुछ लोगों ने विधायक श्री सर्राफ के समक्ष बिजली के बार बार लग रहे कट तथा दूषित पीने के पानी की समस्या उठाई। इस पर विधायक श्री सर्राफ ने उसी वक्त मोबाइल फोन से निगम के अधीक्षण अभियंता तथा पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। इस मामले में किसी तरह की कोई कोताही बरती तो उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी।


भिवानी। सड़क के सुधारीकरण कार्य का शुभारंभ करवाते हुए।

### विकास के लिए धन की कमी नहीं होगी

विधायक ने कहा कि कार्यो के लिए सरकारी खजाने लबालब है। बशर्ते जनता उनके पास सार्वजनिक कार्य लेकर आए। उनको तत्काल पूरा करवाया जाएगा। इस मामले में कोई ढिलाई नहीं होगी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाना चाह रही है,बल्कि मिलने लगा है। भिवानी ही नहीं पूरे प्रदेश में विकास कार्यो की गंगा बहने लगी है।

### 300 का काम मुकक्मल 400 गलियों को पक्का कराने की प्रक्रिया जारी

नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में करीब 300 गलियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इनके अलावा 150 गलियों को पक्का करने के लिए टेंडर लगाए हुए है। जिनकी जल्द ही पूरी हो जाएगी ,उसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।250 गलियों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। इनमें ज्यादातर विद्यानगर, डॉबर कॉलोनी, उत्तमनगर, बैंक कॉलोनी, कोंट रोड, जीतू वाला जोहड़ इलाका, लाजपतनगर, जागृति कॉलोनी की गलिया है। इनके अलावा अंदरूनी शहर भी अनेक गलियों का निर्माण कार्य चल रहा है।उन्होंने बताया कि आज इसी क्रम में नया बाजार से पुराना बस अड्डा गुजरों वाला चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। बाकी जर्जर सड़कों का भी जल्द कार्य शुरू करवाया जाएगा।


भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# सकसं ने कसी कमर, 30 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

- कोर्ट के फैसले को लागू न कर कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार : सुमेर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों, अतिथि अध्यापकों (गेस्ट टीचर्स) को पक्का करने और अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सर्वकर्मचारी संघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने आंदोलन को और तेज करने के लिए एक ठोस रणनीति तैयार की है। सर्व कर्मचारी संघ जिला भिवानी की एक बैठक वीरवार को संघ के स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव धर्मवीर सिंह भाटी द्वारा किया गया। बैठक में जिले भर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं ने हिस्सा लिया और सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, जिला सचिव धर्मबीर सिंह भाटी ने कहा कि सरकार हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का सम्मान करे। कोर्ट के आदेशों को तुरंत लागू करते हुए सभी कच्चे कर्मचारियों व अतिथि अध्यापकों को बिना किसी देरी के नियमित किया जाना चाहिए।

**ये हुए शामिल**

इस महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारी विंग के कई दिग्गज नेता शामिल हुए, जिनमें जिला वरिष्ठ उप प्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य सचिव अशोक पिलानिया, जिला उप प्रधान अनीता कुमारी, पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सुमेर सिंह, फायर बिग्रेड यूनियन के जिला उपप्रधान राजेश कुमार, नगरपालिका के राज्य उप प्रधान पुरुषोत्तम दानव, रमेश कुमार, अशोक गोयत, सोमवीर पालुवास, रामशरण खुंडिया,प्रवीण, अनिल बागड़ी, सुरेश भारद्वाज शामिल रहे। इसके अलावा संजय कुमार, राजेश दुलहड़ी, सत्यवीर स्वामी, जोगेन्द्र पिलानिया, रतन कुमार जिंदल, बुवानी खेड़ा ब्लॉक सचिव नीरज कुमार, नगरपालिका के प्रधान शेरसिंह, भिवानी ब्लॉक के कोषाध्यक्ष लाजपत जाखड़ और रविन्द्र दिनोद सहित कई नेताओं ने भी अपने विचार रखे और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# पक्षियों के लिए रखे पानी के पात्र

- प्रतिज्ञा सेवा समिति ने भीषण गर्मी में परिंदों की सेवा का उठाया बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के बीच प्रतिज्ञा सेवा समिति ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सराहनीय पहल की है। समिति के अध्यक्ष संजय मिल्खा के नेतृत्व में समिति की टीम में ललित सैनी, संजय, कश्मीर, पवन गोरिया, अजय काजल, संजय कुमार आदि द्वारा मंगलवार को कस्बे के शहीद गुलाब सिंह पार्क, विभिन्न जोहड़ों व सार्वजनिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। टीम ने करीब 15 से 20 स्थानों पर पानी से भरे पात्र रखकर जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। समिति सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान लगातार बढ़ने से पक्षियों को पानी की भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यदि समाज का हर व्यक्ति अपने घर, दुकान, खेत या मोहल्ले में पक्षियों के लिए पानी का एक छोटा पात्र भी रख दे, तो हजारों पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। समिति अध्यक्ष संजय मिल्खा ने कहा कि मानवता केवल इंसानों की सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों की रक्षा करना भी हमारा नैतिक दायित्व है।


बवानीखेड़ा। बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पानी के पात्र रखते हुए।

# सतर्कता: बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

- हिसार छावनी से पहुंचा भारतीय सेना का बाढ़ राहत दल, सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

आगामी मानसून सीजन को लेकर सिंचाई विभाग ने बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हिसार छावनी से पहुंचे भारतीय सेना के बाढ़ राहत दल ने मेजर दीपांशु के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के जलभराव संभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।

इस दौरान चरखी, साहुवास, बीरही कला, निमड़ी, बोंद, रावलधी, मिर्च, मिस्त्री कमोद, जयश्री, इमलोटा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर बाढ़ राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था, पंपों की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यक्षमता तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने आगे जानकारी दी कि विभाग के पास लगभग 159 मूवेबल विद्युत चालित एवं डीजल चालित पंप सेट उपलब्ध हैं, जिन्हें मानसून के दौरान आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर तत्काल स्थापित किया जाएगा। उन्होंने विभागीय एसडीओ एवं जेई अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे संभावित जलभराव वाले गांवों के सरपंचों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पंप मोटर स्थापित कर राहत कार्य शुरू किया जा सके।

साथ ही मुख्यालय के निर्देशानुसार गांवों के आबादी क्षेत्रों एवं तालाबों से वर्षा जल निकासी का कार्य बीडीपीओ एवं ग्राम पंचायतों द्वारा करवाया जाएगा, जबकि डीजल, बिजली एवं गाद निकासी पर होने वाला खर्च ग्राम पंचायत फंड से वहन किया जाएगा। कार्यकारी अभियंता सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।


चरखी दादरी। जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करता बाढ़ राहत दल।

# महंगाई पर रोक लगाए सरकार



**तोशाम।** लगातार बढ़ रही महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हो रही वृद्धि से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उक्त शब्द जननायक जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष कृष्ण वर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहे। इस दौरान वर्मा ने कहा कि सरकार को बढ़ती महंगाई पर तुरंत नियंत्रण करना चाहिए ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। कृष्ण वर्मा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री, दूध, सब्जियां और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का मासिक बजट बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल और डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से हर वर्ग परेशान है। सरकार को जनता के हित में ठोस कदम उठाकर महंगाई पर नियंत्रण करना चाहिए। कृष्ण वर्मा ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी जाए और आम जनता को बढ़ती महंगाई से बचाने के लिए प्रभावी नीतियां लागू की जाएं। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रहेगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



### मकानों का सूचीकरण कार्य पूरा होने पर डीसी ने जताई खुशी

**भिवानी।** जनगणना-2027 अभियान में डीसी साहिल गुप्ता की सख्ती रंग लाई है। डीसी की सख्ती के चलते जिले में मकान के सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय से पहले ही 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। शत प्रतिशत कार्य पूरा होने पर डीसी ने शिक्षा विभाग से नियुक्त प्रगणकों, सुपरवाइजरों के साथ- साथ सभी चार्ज अधिकारियों की पीठ थपथपाई है। उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 तहत जिला में गणना कार्य के लिए जिला में 2081 ब्लॉक बनाए गए। एक ब्लॉक में 700 से 900 की जनसंख्या दी गई है, यानि करीब 150 से 200 मकान शामिल किए गए। गणना कार्य के लिए जिला में करीब 2500 एन्यूमरेटर यानि प्रगणक लगाए गए।

# पक्षियों के लिए पेड़ों पर रखे सकोरे

- सामाजिक संगठन प्रयास ने चलाया परिंदा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा लगातार बढ़ते तापमान में पक्षियों को बचाने के लिए परिंदा अभियान चलाया और चौधरी बंसीलाल महाविद्यालय में सकोरे लगाए। इस अवसर पर डॉक्टर उमेद जांगिड़ और डॉक्टर बजरंग ने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए पक्षियों के लिए सकोरे व घोंसले लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरे लगाना पुण्य का कार्य है और हमें अपने घरों के आसपास पेड़ों पर परिंडे लगाने चाहिए और घोंसले लगाने चाहिए। संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी और प्रधान महेंद्र कथूरिया ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण हर जीव को पानी की जरूरत होती है ऐसे समय मे बेजुबाँ पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना हमारा कर्तव्य है। हमें प्रत्येक जीव के लिए संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। आज पक्षियों की कुछ प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं उनके संरक्षण के लिए आशियाना अभियान शुरु किया गया है। रविन्द्र कसवां और रिंकू कुमार ने बताया कि उनके संगठन द्वारा पिछले 10 वर्षों से अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर डॉक्टर योगेश , राजेश कुमार, ओमवीर, उपदेश, बबीन, चिंटू, नितिन सांभा ने पक्षियों के लिए सकोरे रखे।


लोहारू। चौधरी बंसीलाल कॉलेज में वृक्षों की शाखाओं पर स्कोर लगाते स्टाफ और प्रयास संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# बाबा जमना गिरी मंदिर के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

गांव नरसिहं वास स्थित बाबा जमना गिरी मंदिर में शुक्ल पक्ष एकादशी पर रात्रि जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के महंत गोदड़बाबा विश्वानंदगिरी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ से हुई। हवन में मुख्य यजमानों और भक्तों ने आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। महंत बाबा विश्वानंदगिरी ने स्वयं सभी कन्याओं के पैर दूध और जल से धोए। इसके बाद उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें चुनरी व दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। कन्या भोज के संपन्न होने के बाद मुख्य भंडारे का प्रसाद आम जनता के लिए वितरित किया गया।


भंडारे में प्रसाद गृहण करते ग्रामीण।

## मानव सेवा परम धर्म

### प्यासे को पानी पिलाना संसार का सबसे बड़ा पुण्य: राजेंद्र प्रसाद मलिक

# भीषण गर्मी में श्री श्याम संकीर्तन मंडल ने छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा व मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

इन दिनों सूरज अपने पूरे शबाब पर है। आसमान से बरसती आग और रिकॉर्ड तोड़ती भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय सडक़ों पर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसे कठिन समय में राहगीरों को राहत देने और मानव सेवा के संकल्प को दोहराने के लिए श्री श्याम संकीर्तन मंडल (रजि.) भिवानी एक बार फिर आगे आया है। हर वर्ष की भांति अपनी सामाजिक और धार्मिक परंपरा को निभाते हुए मंडल द्वारा वीरवार को स्थानीय नया बाजार में राहगीरों एवं आने-जाने वाले लोगों के लिए विशाल ठंडे व मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों को गर्मी से तुरंत राहत पहुंचाने के लिए विशेष रूप से तैयार ठंडा दूध और रूह-अफज़ा युक्त मीठा पानी पिलाया गया। इस पुनीत कार्य की शुरुआत करते हुए श्री श्याम संकीर्तन मंडल के संस्थापक फतेह चंद वशिष्ठ, प्रधान राजेंद्र प्रसाद मलिक व कोषाध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। सनातन धर्म हमें सिखाता है कि प्यासे को पानी पिलाना संसार का सबसे बड़ा पुण्य है। इस भीषण और जानलेवा गर्मी में जब इंसान का गला सूख रहा हो, तब उसे शीतल जल उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है। श्री श्याम संकीर्तन मंडल केवल धार्मिक भजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर सुख-दुख में भागीदारी निभाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।



भिवानी। छबील लगाकर पानी पिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

**मंडल के सभी सदस्यों ने किया सहयोग**

उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में मंडल के सभी सदस्यों ने तन, मन और धन से बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया है। सुबह से ही सेवादार बड़े उत्साह के साथ राहगीरों को रोक-रोककर शीतल पेय पिलाने में जुटे रहे। वही दूसरी तरफ तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच सफर कर रहे राहगीरों को जब मंडल के सेवादारों ने रोककर ठंडा और मीठा दूध-पानी पिलाया, तो उनके चेहरों पर संतोष और राहत के भाव साफ देखे जा सकते थे। राहगीरों ने श्री श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की खुलकर प्रशंसा की। इस अवसर पर मंडल के अनेक वरिष्ठ सदस्य, पदाधिकारी और युवा सेवादार उपस्थित रहे।

### शिक्षा बोर्ड के नए चेयरमैन का हुआ नागरिक अभिनंदन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन अधिवक्ता शंकर लाल धूपड़ के सम्मान में वीरवार को अंचल अस्पताल में नागरिक अभिनंदन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नीमा, प्राईवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन, आईएमए, इंडियन डेंटल एसोसिएशन, स्वर्णकार सभा सहित विभिन्न चकित्सकों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत कर नवनियुक्त चेयरमैन का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चेयरमैन शंकर लाल धूपड़ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमेन शंकर लाल धूपड़ को शॉल ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर व पौधा भेंट कर पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।